Rajkiya Engineering College, Kannauj
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज
Aher, Tirwa Road, Kannauj, Uttar Pradesh
An AICTE approved Government Engineering College Vide Letter Approval No F.No. Northern/2018/1-3725944831
Dated 30-April-2018, affiliated to Dr. APJ AKTU, Lucknow

प्रेस विज्ञप्ति

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नौज के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के 02 पूर्व छात्रों का सरकारी सेवाओं में हुआ चयन,

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नौज के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के 02 पूर्व छात्रों का सरकारी सेवाओं में हुआ चयन, चयनित छात्रों द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नौज के वर्ष 2020 में बी0टेक उर्त्तीण किया गया था। चयनित छात्रों में छात्र विपिन कुमार द्वारा देहली डेवलपमेट अथार्टी, भारत सरकार में जूनियर इंजीनियर के पद पर ग्रेट पे0 4200 Leval 6 एवं छात्र नीलेश पाल द्वारा डीएफसीसीआईएल (भारत सरकार के रेल मंत्रालय के अन्तर्गत) में कार्यकारिणी के पद पर ग्रेट पे0 30000–1,20000 पर चयनित होकर राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नौज को गौरवान्वित कर अध्ययनरत छात्रों को मार्गदर्शन किये जाने का कार्य किया।

विपिन कुमार देहली डेपार्टमेन्ट अथोर्टी दिल्ली सरकार के अन्तर्गत ग्रेट पे0 4200 Leval 6 33400–1,12400 में जूनियर इंजीनियर के पद पर हुआ चयन। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) 1957 में दिल्ली विकास अधिनियम के प्रावधानों के तहत ''दिल्ली के विकास को बढ़ावा देने और सुरक्षित करने के लिए'' बनाया गया था। दि.वि.प्रा. आवास परियोजनाओं की योजना, विकास और निर्माण वाणिज्यिक भूमि, भूमि प्रबंधन, भूमि निपटान, भूमि पूलिंग और भूमि लागत आदि के लिए जिम्मेदार है। डीडीए ने दिल्ली के व्यवस्थित और तीव्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह शहर 11 मिलियन से अधिक लोगों की पसंद का निवास बन गया है
नीलेश पाल का डीएफसीसीआईएल के रेल मंत्रालय भारत सरकार में कार्यकारिणी के पद पर ग्रेट पे0 30000–1,20000 पर हुआ चयन। डीएफसीसीआईएल को भारत सरकार द्वारा एक सरकारी कंपनी के रूप में नामित किया गया है। भारत का (रेल मंत्रालय) उद्यम, और समर्पित फ्रेट कॉरिडोर की योजना और विकास, वित्तीय संसाधनों को जुटाने और निर्माण, रखरखाव और संचालन करने के लिए बनाया गया है। डीएफसीसीआईएल को 30 अक्टूबर 2006 को कंपनी अधिनियम 1956 के तहत एक कंपनी के रूप में पंजीकृत किया गया है।

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के निदेशक महोदया डा0 रचना अस्थाना एवं सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष श्री रिषभ कश्यप, पूर्व छात्र संघ प्रभारी, मुकुल सक्सेना तथा सहायक प्राध्यापक श्री अरस्तु गौतम सहित संस्थान के समस्त प्राध्यापको द्वारा छात्र विपिन कुमार एवं नीलेश पाल को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना कर शुभाशीष प्रदान किया।

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज